# NOTE FOR JUSTI FICATION

## परियोजना विवरण :– जनपद अल्मोड़ा में शहीद मोहन सिंह मोटर मार्ग का बसोली तक विस्तार (ल0 5.00 किमी0)

उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग ग्राम **गंगोला कोटुली**, **चुराड़ी**, **भकुना**, **बसौली**, **भैंसाड़ी** से होकर गुजरता है जिनकी आबादी **2424** है। यह मार्ग शहीद मोहन सिंह मोटर मार्ग के किमी0 2 से प्रारम्भ होता है एवं खड़ाऊ, गंगोला कोटली, चुराड़ी ग्रामों को अल्मोड़ा–बागेश्वर मोटर मार्ग मे बसौली के समीप जोड़ता है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा होगी। वर्तमान में गांव की महिलाएं पानी, लकड़ी, चारा आदि लेने के लिये दूर जाती है। मार्ग निर्माण के पश्चात् उनका बहुमूल्य समय बचेगा साथ ही वें अपने घर और बच्चों को अधिक समय दे पाएंगी, जिससे कि बच्चों का लालन–पालन तथा पठन–पाठन ठीक से होगा तथा कुपोषण जैसी भारी समस्या दूर हो पाएगी। गांव में चिकित्सालय तथा विद्यालय खुलने के और नए अवसर मिलेंगे। ग्रामवासी अपने उत्तपादित फल, सब्जी, अनाज आदि को बाजार तक बिना किसी कठिनाई के ले जा पाएंगे साथ ही गांव विकास की ओर अग्रसर होगा एवं स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

यह समरेखन सिविल भूमि (राज्य भूमि) तथा नाप भूमि से होकर गुजरता है। अन्य किसी श्रेणी की भूमि प्रभावित नहीं होती है। समरेखन के अन्तर्गत कोई मकान, मस्जिद, कब्रिस्तान का भाग नही पड़ता है।

उक्त मोटर मार्ग की लम्बाई 5.00 किमी है तथा मार्ग की चौड़ाई 9.00 मीटर ली गई है। मार्ग के निर्माण में 2.35 है0 सिविल भूमि प्रभावित होती है उक्त प्रयोजनार्थ इस भूमि हेतु न्यूनतम समरेखणों पर विचार किया गया है।

**समरेखन 1**:– इस समरेखन के अनुसार इस मोटर मार्ग का समरेखण स्थल शहीद मोहन सिंह मोटर मार्ग के किमी0 2 से प्रारम्भ होता है एवं खड़ाऊ, गंगोला कोटली, चुराड़ी ग्रामों को अल्मोड़ा–बागेश्वर मोटर मार्ग मे बसौली के समीप जोड़ता है। मार्ग की लम्बाई 4.90 किमी0 आती है तथा निर्माण की लागत कम है। मार्ग में 2 हेअरपिन बैण्ड नहीं पड़ते है। तकनीकी दृष्टि से ग्रेड सही मिलता है। लम्बाई कम है तथा इस संमरेखण के अनुसार मोटर मार्ग के निर्माण हेतु ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि सहमत है।

**समरेखन 2**:– इस समरेखन के अनुसार इस मोटर मार्ग का समरेखण स्थल शहीद मोहन सिंह मोटर मार्ग के किमी0 2 से प्रारम्भ होता है एवं खड़ाऊ, गंगोला कोटली, चुराड़ी ग्रामों को अल्मोड़ा–बागेश्वर मोटर मार्ग मे भैंसोड़ी के समीप जोड़ता है। मार्ग की लम्बाई 5.500 किमी0 है। मार्ग की लम्बाई अधिक होने के कारण निर्माण की लागत अधिक हे तथा इस समरेखन मे अधिक वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं। मार्ग में 2 हेअरपिन बैंड है तकनिकी दृष्टि से ग्रेड सही नहीं मिलता है। लम्बाई अधिक है तथा संमरेखन के अनुसार मोटर मार्ग करने में ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि सहमत नहीं है।

उक्त को ध्यान में रखते हुए समरेखण नं0 2 को निरस्त कर समरेखण 01 को अधीक्षण अभियन्ता द्वारा अनुमोदित किया गया है। उक्त मोटर मार्ग के निर्माण में सिविल 2.35 है0 प्रभावित होती है जो न्यूनतम है। मोटर मार्ग की लम्बाई 5.00 किमी0 तथा चौड़ाई 9.00 मीटर में ली गई हैं। उक्त भूमि में मोटर मार्ग का निर्माण करने से पूर्व यह प्रस्ताव गठित कर स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

अतः प्रस्तावित सिविल भूमि (राज्य भूमि) का हस्तान्तरण प्रस्ताव स्वीकृत करने की कृपा करें।

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियन्ता<br>नि.ख.लो.नि.वि<br>अल्मोड़ा | सहायक अभियन्ता<br>नि.ख.लो.नि.वि<br>अल्मोड़ा<br>सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो० नि० वि० अल्मोड़ा | अधिशासी अभियन्ता<br>नि.ख.लो.नि.वि<br>अल्मोड़ा<br>अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो०नि०वि० अल्मोड़ा |